प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

13 अगस्त 2025

**वित्तीय क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमता के दायित्वपूर्ण और नैतिक उपयोग के लिए रूपरेखा (फ्री-एआई) विकसित करने संबंधी समिति की रिपोर्ट**

दिनांक 6 दिसंबर 2024 के मौद्रिक नीति वक्तव्य के साथ जारी विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर वक्तव्य में की गई घोषणा के अनुसरण में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने 26 दिसंबर 2024 को वित्तीय क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमता के दायित्वपूर्ण और नैतिक उपयोग के लिए रूपरेखा (फ्री-एआई) विकसित करने हेतु समिति का गठन किया था।

2. समिति ने विभिन्न हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है और उसे आरबीआई की वेबसाइट पर प्रस्तुत किया  गया है।

3. रिपोर्ट, वित्तीय क्षेत्र में एआई के उपयोग के लिए एक रूपरेखा प्रस्तुत करती है, जिसका उद्देश्य संबद्ध जोखिमों से सुरक्षा प्रदान करते हुए इसकी क्षमता का लाभ लेना है। समिति ने एआई को अपनाने के लिए आधारभूत सिद्धांतों के रूप में कार्य करने हेतु 7 सूत्र विकसित किए हैं। इन 7 सूत्रों के मार्गदर्शन में, समिति ने एक दूरदर्शी दृष्टिकोण की सिफारिश की है, जिसमें छह कार्यनीतिक स्तंभों के अंतर्गत 26 कार्यान्वयन योग्य सिफ़ारिशें शामिल हैं। यह रिपोर्ट एक ऐसे वित्तीय पारितंत्र की परिकल्पना करती है जहाँ नवाचार को प्रोत्साहित करना जोखिम न्यूनीकरण के साथ सामंजस्य में हो, न कि विरोधाभास में।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/902**